आ जाओ मेरे श्याम सलोने

आ जाओ मेरे श्याम सलोने, आ जाओ मेरे मीत पिया,

तमन्ना फिर मचल जाये, अगर तुम मिलने आ जाओ,
मेरी बिगड़ी संभल जाये, अगर तुम मिलने आ जाओ,

मुझे गम है कि मैंने जिंदगी में कुछ नहीं पाया,
ये गम दिल से निकल जाये, अगर तुम मिलने आ जाओ,

यूं आशाओं कि उलझन में, रहा उलझा मेरा जीवन,
ये उलझन भी सुलझ जाये,अगर तुम मिलने आ जाओ,

झलकते आँख से आँसू कहीं बेकार ना जाये,
चरण छूके बने मोती, अगर तुम मिलने आ जाओ,

नहीं मिलते हो तुम मुझसे, तो मोह दुनिया से होता है,
कटे जग के ये भव बंधन, अगर तुम मिलने आ जाओ,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/3436/title/aa-jaao-mere-shyam-salone-aa-jaao-mere-meet-piya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |